-----------------------------------------------

(तिथि)

**प्रिय माता-पिता/सरपरस्त,**

स्कूलों में सिर में जुओं की बीमारी पर नर्दन आयरलैन्ड में सारी स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं के बोर्ड के पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेन्ट के द्वारा नए मार्गदर्शन जारी किए गए हैं। यह मार्गदर्शन अब समय-समय पर स्कूल के बच्चों के सिर की जुओं की जाँच कराने या माता-पिता को "चेतावनी" देने के पत्रों के प्रचलन को समर्थन नहीं देते। फिर भी मैं यह चाहता / चाहती हूँ कि माता-पिता को पता होना चाहिए कि जब कभी भी जुओं का पता चला हो और यह पत्र इसलिए है ताकि आप अपने बच्चे की कक्षा में इसको रिपोर्ट करें। इस समस्या के बारे में मैं आपका ध्यान इस जानकारी की ओर आर्षित करना चाहता / चाहती हूँ।

* किसी भी संदिग्ध सिह् की जूँ की बीमारी का इलाज उसी हालत में किया जाएगा यदि कोई जीती-जागती हिलती हुई जूँ का पता लगे।

* सात दिनों के अन्तराल पर दो दफ़ा लगाए जाने का एक पूरा इलाज।

* सिर की जूँ उसी हालत में एक से दूसरे को लगती है जब अधिक समय तक सिर का सिर से सम्पर्क लगा हो।

* जूँ की जाँच की पहचान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी और इसकी रोकथाम परिवार में माता-पिता के साथ होती हैं।

* किसी अच्छे कँघे से अच्छी तरह से निरंतर कँघी करना रोकथाम का एक बेहत्तर तरीका है।

यदि जूँ का निशान मिले तो माता-पिता को इससे शर्म महसूस नहीं होनी चाहिए परन्तु इसकी रोकथाम के लिए कदम लेने चाहिएँ। जूँ के इलाज के लिए लोशन आदि के बारे में सलाह आपके स्थानीय हैल्थ सैन्टर, जी.पी., फ़ार्मासिस्ट या स्कूल की नर्स के साथ मिल सकती है।

आपका / आपकी शुभचिन्तक

प्रिंसिपल